## गुस्ताखी माफ



विज्ञापन है दे रही, जो खुद भ्रामक ठोक।
उस सत्ता से कह रहे, इन्हें दीजिए रोक।
इन्हें दीजिए रोक, भला वह रोके कैसे।
जो इनमें दे उड़ा, सभी जनता के पैसे।
कह साहिल कविराय, दिया उनको ही ज्ञापन।
हर चप्पे पर यहां, लगे जिसके विज्ञापन।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 10 | ISSUE 357 | SATURDAY 03-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



# मोहाली से और बढ़ेंगी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें

## मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की वकालत, कहा– वैश्विक कनेक्टिविटी से बदलेगी पंजाब की आर्थिक तस्वीर

चंडीगढ़, यूटर्न, 02 जनवरी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, मोहाली से और अधिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने की जोरदार वकालत की है। उन्होंने कहा कि वैश्विक हवाई संपर्क बढ़ने से पंजाब में निवेश, पर्यटन, व्यापार और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और राज्य आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनेगा।

मुख्यमंत्री ने यह बात चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीएचआईएएल) द्वारा पंजाब सरकार को 19 करोड़ रुपए का अंतरिम लाभांश चेक सौंपे जाने के अवसर पर कही। उन्होंने इसे हवाई अड्डे के सतत विकास और केंद्रझ्र पंजाब के मजबूत सहयोग का स्पष्ट प्रमाण बताया।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि मोहाली से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के विस्तार से उद्यमियों, व्यापारियों और उद्योगपतियों की आवाजाही सुगम होगी, जिससे पंजाब अंतरराष्ट्रीय व्यापार और पर्यटन का पसंदीदा गंतव्य बनेगा। उन्होंने कहा कि यह कदम युवाओं के लिए रोजगार सृजन और राज्य में औद्योगीकरण को नई गति देगा।



### सीएचआईएएल ने सौंपा 19 करोड़ का अंतरिम लाभांश

चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीएचआईएएल) ने पंजाब सरकार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 19 करोड़ रुपए का अंतरिम लाभांश सौंपा। यह लाभांश 12 दिसंबर 2025 को सीएचआईएएल बोर्ड द्वारा घोषित किया गया था।

सीएचआईएएल प्रबंधन ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और पंजाब सरकार का मार्गदर्शन, समर्थन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। प्रबंधन ने कहा कि सरकार के सहयोग से हवाई अड्डे की परिचालन क्षमता, वित्तीय स्थिति और भविष्य के विस्तार को मजबूती मिली है। लाभांश का यह भुगतान सीएचआईएएल की मजबूत वित्तीय सेहत और हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय को दशार्ता है, जो आने वाले समय में नए अंतरराष्ट्रीय रूट्स शुरू करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।




# डीआईजी हरचरण भुल्लर की जमानत पर सीबीआई का कड़ा विरोध

## विशेष अदालत में तीखी बहस, एजेंसी बोली—मामला गंभीर और नॉन-बेलेबल

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 02 दिसंबर। भ्रष्टाचार के एक मामले में गिरफ्तार पंजाब पुलिस के पूर्व डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर की जमानत याचिका पर शुक्रवार को चंडीगढ़ स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में तीखी बहस हुई। सीबीआई ने जमानत का कड़ा विरोध करते हुए अदालत को बताया कि मामला गंभीर प्रकृति का है और नॉन-बेलेबल है, जबकि बचाव पक्ष ने जांच की विश्वसनीयता और प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए।

भुल्लर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एसपीएस भुल्लर ने तर्क दिया कि सीबीआई की एफआईआर और चार्जशीट में कथित घटना की तारीख, समय और स्थान का स्पष्ट उल्लेख नहीं है। उन्होंने कहा कि रिश्वत की रकम को लेकर भी एजेंसी के रिकॉर्ड में विरोधाभास है—कहीं एक लाख तो कहीं चार लाख रुपये का जिक्र किया गया है, जिससे अभियोजन की कहानी कमजोर पड़ती है।



बचाव पक्ष ने चालान में प्रयुक्त शब्द 'सेवा पानी' को रिश्वत से जोड़ने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इसके कई अर्थ हो सकते हैं और इसे सीधे तौर पर रिश्वत मानना गलत है। साथ ही, सेक्टर-9डी चंडीगढ़ में शिकायतकर्ता, कथित बिचौलिए और सीबीआई अधिकारी की लोकेशन मात्र मौजूदगी दर्शाती है, इससे अपराध सिद्ध नहीं होता।

वहीं सीबीआई की ओर से पेश वकील नरेंद्र सिंह ने कहा कि आरोपी एक वरिष्ठ पद पर रहा अधिकारी है, ऐसे में साक्ष्यों को प्रभावित करने की आशंका बनी रहती है। एजेंसी ने अदालत को बताया कि इंस्पेक्टर पवन लांबा और इंस्पेक्टर आर.एम. शर्मा मामले के अहम गवाह हैं तथा कथित बिचौलिए को भेजे गए संदेश—'पूरे आठ लाख करने हैं'—रिश्वत की मांग की ओर स्पष्ट संकेत करते हैं।

सीबीआई ने यह भी स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार की अधिसूचना के तहत सीबीआई डीएसपी को गिरफ्तारी का पूर्ण अधिकार है और क्षेत्राधिकार इस मामले में बाधा नहीं बनता। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने जमानत याचिका पर अगली सुनवाई की तारीख तय कर दी है।

# जनहित में दवाओं की कीमतों पर सख्त पहरा: हरियाणा सरकार

चंडीगढ़, 2 जनवरी। हरियाणा सरकार आम जनता को सस्ती और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने के लिए दवाओं की कीमतों पर कड़ी निगरानी कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि अधिक कीमत वसूली की किसी भी कोशिश पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए NPPA के दिशानिर्देशों के तहत PMRU (प्राइस मॉनिटरिंग एंड रिसोर्स यूनिट) FDA विभाग में सक्रिय है, ताकि दवाएं सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर ही मिलें।



आरती सिंह राव

मंत्री ने बताया कि नागरिक दवाओं की सही कीमत जानने के लिए 'फार्मा सही दाम' (PharmaSahiDaam) मोबाइल एप का उपयोग करें। अधिक कीमत वसूली की शिकायत टोल-फ्री नंबर 1800-180-2413 पर दर्ज कराई जा सकती है।

सख्ती और जागरूकता साथ-साथ

**2025 में 33 मामले:** अधिक कीमत वसूली के मामलों को कार्रवाई हेतु ठढढअ, नई दिल्ली भेजा गया।

**DPCO उल्लंघन:** दिसंबर 2025 में 3 दवाओं में तय कीमत से अधिक MRP पाई गई; कंपनियों पर कार्रवाई शुरू।

**जन-जागरूकता:** 2025 में 13 IEC कार्यक्रम; कैथल, यमुनानगर, सिरसा में विशेष अभियान।

**निगरानी तंत्र:** PMRU की गवर्निंग कमेटी के चेयरपर्सन ACS स्वास्थ्य सुधीर राजपाल, एग्जीक्यूटिव कमेटी के चेयरपर्सन आयुक्त FDA मनोज कुमार।

**अपील:** दवा खरीदते समय MRP जांचें, एप/हेल्पलाइन पर शिकायत करें।

**सरकार का संदेश:** जीवन रक्षक दवाएं हर नागरिक तक उचित और नियंत्रित कीमत पर—कोई समझौता नहीं।

# पूर्व एएजी की पत्नी हत्याकांड में जांच तेज, ऑटो से रेलवे स्टेशन पहुंचकर फरार हुए आरोपी



मोहाली, यूटर्न, 02 दिसंबर। पंजाब के पूर्व अतिरिक्त एडवोकेट जनरल केके गोयल की पत्नी अशोक गोयल की हत्या और लूट के मामले में पुलिस जांच ने नई दिशा पकड़ ली है। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से सामने आया है कि वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ऑटो रिक्शा में सवार होकर सीधे चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। पुलिस के अनुसार, रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद आरोपियों ने आगे की यात्रा के लिए टिकट खरीदे। अब यह पता लगाने के लिए स्टेशन परिसर और प्लेटफॉर्म पर लगे सीसीटीवी कैमरों की गहनता से जांच की जा रही है कि आरोपी किस ट्रेन से और किस दिशा में रवाना हुए।

इस बीच, जांच एजेंसियों का शक घर में मौजूद नौकर पर भी गहराता जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ के दौरान नौकर ने अपने बयान कई बार बदले हैं, जिससे उसकी भूमिका संदिग्ध प्रतीत हो रही है। पुलिस नौकर के कॉल रिकॉर्ड और गतिविधियों की भी जांच कर रही है। गौरतलब है कि बीते सोमवार देर रात फेज-5 स्थित आवास में दो बदमाश घुसे थे। आरोपियों ने घर में घुसते ही अशोक गोयल का गला घोंटकर हत्या कर दी और अलमारी से करीब 40 तोले सोने के गहने तथा लगभग साढ़े आठ लाख रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए।

अगली सुबह घर पहुंची नौकरानी ने अशोक गोयल को कमरे में बेसुध हालत में पाया, जबकि 25 वर्षीय नौकर नीरज के हाथ-पैर बंधे मिले। पुलिस का कहना है कि मामले की हर कड़ी को जोड़कर आरोपियों तक पहुंचने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं और जल्द ही बड़ी सफलता मिलने की उम्मीद है।

# पंजाब की बिजली नीति ने कैसे बदली इकोनॉमी की धड़कन

चंडीगढ़/यूटर्न/2 जनवरी। पंजाब की अर्थव्यवस्था की नब्ज कभी जिस सबसे बड़ी कमजोरी पर अटक जाती थी, वही बिजली आज उसकी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरी है। यूटर्न टीम से एक्सक्लूसिव बातचीत में उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा ने बताया कि कैसे आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब को निवेश और उद्योग के राष्ट्रीय नक्शे पर दोबारा स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा की वे पंजाब के बुनियादी बदलाव पर रोशनी डाल रहे हैं, जिसके बिना न उद्योग चल सकता है और न ही विकास की रफ्तार—बिजली। एक समय था जब कटौती, अनिश्चित सप्लाई और महंगी बिजली पंजाब की पहचान बन चुकी थी। फैक्ट्रियां जनरेटर पर चलती थीं और निवेशक हिचकते थे। लेकिन अब तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। पंजाब न सिर्फ.बिजली सरप्लस राज्य बन चुका है, बल्कि एक ऐसा पावर सिस्टम खड़ा कर रहा है जो भरोसेमंद भी है, किफायती भी और आने वाले दशक की जरूरतों के लिए तैयार भी।



**कभी बिजली संकट पंजाब की सबसे बड़ी कमजोरी थी। आज आप स्थिति को कैसे परिभाषित करेंगे?**

आज फर्क शब्दों में नहीं, जमीन पर दिखता है। पंजाब आज पूरे साल पीक डिमांड के दौरान भी बिना रुकावट बिजली उपलब्ध करा रहा है। 247 सप्लाई अब वादा नहीं, हक ीकत है। इस भरोसे ने उद्योगों, निवेशकों और आम परिवारों—तीनों का आत्मविश्वास लौटाया है।

**'रोशन पंजाब' के तहत 5,000 करोड़ का ट्रांसमिशन पुश कितना निर्णायक है?**

रोशन पंजाब एक नारा नहीं, बल्कि बैकबोन रिफॉर्म है। 5,000 करोड़ रुपये का निवेश ट्रांसमिशन सिस्टम को उस स्तर पर ले जा रहा है, जहां पैदा की गई बिजली बिना नुकसान उपभोक्ता तक पहुंचे। अब तक 2,500 किलोमीटर से अधिक लाइनें अपग्रेड हो चुकी हैं और राज्य के सभी 87 शहरी सब-डिवीजनों में काम जारी है। बिना मजबूत ट्रांसमिशन, कोई भी पावर रिफॉर्म अधूरा होता है।




**उद्योगों को पावर कनेक्शन में सबसे ज्यादा दिक्कत प्रक्रियाओं से थी। क्या बदलाव आया है?**

हमने सीधे जड़ पर वार किया है। अब नए पावर कनेक्शन के लिए एनओसी की जरूरत खत्म कर दी गई है। 50 केवी तक की सभी श्रेणियों के लिए टेस्ट रिपोर्ट की बाध्यता भी हटा दी गई है। इसका मतलब—कम देरी, कम कागजी काम और कम मनमानी। सरकार का काम रास्ता आसान करना है, दीवारें खड़ी करना नहीं।

**भरोसेमंद बिजली उद्योगों के लिए कितनी अहम है?**

उद्योग तीन चीजों पर चलता है—विश्वसनीयता, पूर्वानुमान और स्थिर लागत। बिना रुकावट बिजली से प्रोडक्शन नहीं रुकता, सरप्लस स्टेट होने से महंगी इमरजेंसी खरीद से बचाव होता है और टैरिफ स्थिर रहता है। यही वजह है कि पंजाब दोबारा निवेशकों की पसंद बन रहा है।

## आईपीएस कौस्तुभ शर्मा बने एडीजीपी, 12 आईपीएस अधिकारियों को प्रमोट कर बनाया डीआईजी










पंजाब/यूटर्न/2 जनवरी। पंजाब के गवर्नर गुलाब चंद कटारिया की और से राज्य के 12 आईपीएस अफसरों को प्रमोट करते हुए डीआईजी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में शुक्रवार को पंजाब सरकार के होम अफेयर विभाग गृह-1 ब्रांच के एक लेटर जारी किया है। जिसमें अधिकारियों की प्रमोशन की जानकारी दी गई है। इसमें सनेहदीप शर्मा, संदीप गोयल, जसदेव सिंह सिद्धू, ध्रुव दहिया, संदीप कुमार गर्ग, गुलनीत सिंह खुराना, अखिल चौधरी, अमनीत कौंडल, गुरप्रीत सिंह, रूपिंदर सिंह, सरबजीत सिंह, हरप्रीत सिंह जग्गी को प्रमोट करते हुए डीआईजी नियुक्त किया गया है।



**आईपीएस कौस्तुभ शर्मा बने एडीजीपी...**पंजाब के आईपीएस अधिकारी कौस्तुभ शर्मा को प्रमोशन देते हुए एडीजीपी नियुक्त किया गया है। गवर्नर पंजाब की और से उनके आदेश जारी किए हैं। कौस्तुभ शर्मा लुधियाना में भी बतौर पुलिस कमिश्नर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

## अम्बाला-मोहाली एक्सप्रेस-वे जल्द होगा तैयार, जीटी रोड पर भी कई बड़े प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी



अम्बाला, यूटर्न, 02 जनवरी। हरियाणा के ऊर्जा मंत्री श्री अनिल विज ने अम्बाला-मोहाली एक्सप्रेस-वे सहित जिले में चल रही व प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों ने मंत्री को अवगत कराया कि अम्बाला-मोहाली एक्सप्रेस-वे का निर्माण तेजी से चल रहा है और इसके जल्द पूरा होने की उम्मीद है। एक्सप्रेस-वे के बन जाने से चंडीगढ़, मोहाली और आसपास के शहरों तक आवागमन और अधिक सुगम हो जाएगा।

मंत्री ने अम्बाला छावनी से पंचकूला-सहारनपुर हाईवे को जोड़ने की परियोजना को लेकर भी अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की और शीघ्र योजना तैयार करने के निर्देश दिए। श्री अनिल विज ने जीटी रोड स्थित रेलवे ओवरब्रिज पर नई सर्विस लेन के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि यह कार्य तय समय सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने रेलवे कॉलोनी से आने वाले अंडरपास को भी मानकों के अनुरूप विकसित करने के निर्देश दिए ताकि स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली यह सर्विस लेन जून 2026 तक पूरी कर ली जाएगी।

**इन अहम मुद्दों पर भी हुई चर्चा...**जीटी रोड पर सब-वे: अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड के बीच जीटी रोड के नीचे सब-वे निर्माण की परियोजना तैयार, जल्द कार्य शुरू होगा।

**फेंसी लाइट्स:** अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन से मोहड़ा सीमा तक जीटी रोड पर फेंसी लाइटें लगाने की योजना।

शहीद स्मारक के लिए विशेष सुविधा: शहीद स्मारक व प्रस्तावित विज्ञान केंद्र तक पहुंच आसान बनाने के लिए एस्केलेटर, ओवरब्रिज या सब-वे की परियोजना बनाने के निर्देश।

**मच्छौंडा फ्लाईओवर:** प्रस्तावित फ्लाईओवर के लिए संबंधित विभागों को संयुक्त साइट निरीक्षण कर शीघ्र कार्य शुरू करने के निर्देश।

**सिविल अस्पताल एस्केलेटर:** सिविल अस्पताल के सामने लगे एस्केलेटर को नियमित रूप से चालू रखने और रखरखाव सुनिश्चित करने पर चर्चा।

## महिला, बेटे व बुजुर्ग पर हमला, जातिसूचक गालियों का आरोप – कई धाराओं में मामला दर्ज

जीरकपुर/यूटर्न/2 जनवरी। न्यू डिफेंस कॉलोनी, जीरकपुर में 27 दिसंबर 2025 को दिनदहाड़े एक महिला, उसके बेटे और 79 वर्षीय बुजुर्ग ससुर के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता कमलजीत कौर (52) पत्नी गुरजीत सिंह, निवासी न्यू डिफेंस कॉलोनी, जीरकपुर के बयान के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के साथ-साथ अनुसूचित जाति अधिनियम की धाराएं भी लागू करते हुए एफआईआर दर्ज कर ली है। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि 27 दिसंबर को दोपहर लगभग 12:30 बजे वह अपने घर के मुख्य द्वार के बाहर सब्जी खरीद रही थीं। इसी दौरान कॉलोनी निवासी जगजीत सिंह उनके घर में घुस आया। पूछताछ करने पर उसने कहा कि गली के आवारा कुत्तों ने उसे काट लिया है। बात-चीत के दौरान उसने फोन किया, जिसके बाद भबात निवासी जतिंदर सिंह उर्फ बिंदर मोटरसाइकिल पर मौके पर पहुंचा और सड़क के बीच बाइक खड़ी कर दी।




तेज आवाज सुनकर पीड़िता का बेटा गुरपाल सिंह भी बाहर आ गया। इसी बीच छत निवासी गुरमिंदर सिंह का पुत्र सतवीर सिंह उर्फ गोगी, आजाद खान, रूबी और सुरिंदर सिंह लौंगिया भी वहां पहुंच गए। आरोप है कि सतवीर सिंह ने आते ही पीड़िता को गालियां देनी शुरू कर दीं और धक्का-मुक्की की। सभी आरोपियों ने मिलकर गुरपाल सिंह को घेर लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता के अनुसार, सतवीर सिंह ने गुरपाल सिंह को थप्पड़ मारे, छाती पर लात मारी, जबकि अन्य आरोपियों ने घूंसे मारे। शोर सुनकर पीड़िता के 79 वर्षीय ससुर चरण सिंह (पुत्र नसीब सिंह) बीच-बचाव के लिए पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने उनके साथ भी धक्का-मुक्की और गाली-गलौज की। इसी दौरान सुरिंदर सिंह लौंगिया का पुत्र गुरप्रीत सिंह भी मौके पर पहुंचा और उसने भी गुरपाल सिंह के साथ मारपीट की। शोर सुनकर आसपास की महिलाएं राजविंदर कौर, रमनजीत कौर सहित अन्य मौके पर पहुंचीं और बीच-बचाव करने का प्रयास किया। उनके आने पर पीड़िता का भतीजा संदीप सिंह भी वहां पहुंचा। आरोप है कि इस दौरान सतवीर सिंह ने संदीप को जातिसूचक शब्द कहे और जान से मारने की धमकी दी। स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा होते देख सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना में घायल कमलजीत कौर, उनके पुत्र गुरपाल सिंह और बुजुर्ग चरण सिंह को पहले इलाज के लिए सीएचसी ढकोली ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें सरकारी अस्पताल, फेज-6, मोहाली रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार, पीड़ितों के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर प्रथम दृष्टया मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 126(2), 351(3), 74, 133, 296, 191(2) व 190 के तहत बनता पाया गया है। साथ ही, आरोपियों द्वारा जातिसूचक शब्दों के प्रयोग और सामाजिक अपमान के आरोपों को गंभीरता से लेते हुए मामले में एससी/एसटी एक्ट की संबंधित धाराएं भी जोड़ी गई हैं। इस प्रकरण में जगजीत सिंह, जतिंदर सिंह उर्फ बिंदर, सतवीर सिंह उर्फ गोगी, आजाद खान, रूबी, सुरिंदर सिंह लेगिया और गुरप्रीत सिंह (सभी निवासी न्यू डिफेंस कॉलोनी/आसपास क्षेत्र) के खिलाफ थाना जीरकपुर में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

Uturn Time 03 Jan 2026_Page 1-4.qxd 03-01-2026 00:04 Page 3





पेज 06 श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर निकले...

# आम आदमी पार्टी के कुछ छुटभैया नेता सरेआम मान सरकार की छवि कर रहे खराब

लुधियाना/यूटर्न/2 जनवरी। एक तरफ पंजाब की मान सरकार भ्रष्टाचार पर नुकेल कस रही है। लेकिन दूसरी तरफ पार्टी के अपने ही कुछ छुटभैया नेता पार्टी की छवि को खराब करके कहीं न कहीं विपक्ष को सीधे तौर पर फायदा देने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। ताजा मामला यह लुधियाना के हल्का वेस्ट में हंबड़ा रोड का सामने आया है। जहां पर खुद को आम आदमी पार्टी का नेता कहने वाले नवदीप सिंह नवी नामक व्यक्ति पर एक दुकानदार व्यापारी द्वारा गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता दुकानदार नरेश मित्तल का आरोप है कि उसकी हंबड़ा रोड पर तेज स्टील के नाम से दुकान है। जहां से करीब एक साल पहले नवदीप सिंह नवी द्वारा 50 हजार रुपए का सामान खरीदा गया था। जानकार होने के चलते उस पर भरोसा करके नरेश मित्तल ने सामान दे दिया। सामान लेने के बाद उसने पेमेंट के लिए टाल मटोल करनी शुरू कर दी।



ਮੈਂ ਆਪਣੇ ਦੁਕਾਨਦਾਰ ਭਰਾਵਾ ਨੂੰ ਇਕ ਸੁਨੇਹਾ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁਨਾ ਕਿ ਮੇਰੀ ਹੰਬੜਾ ਰੋਡ ਤੇ ਤੇਜ ਸਟੀਲ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਸਰੀਏ ਦੀ ਦੁਕਾਨ ਹੈ ਇਕ ਵਿਅਕਤੀ ਜਿਸਦਾ ਨਾਮ ਨਵਦੀਪ ਨਵੀ Basically ਇੱਕ ਬਹਾਨੇ-ਬਾਜ਼ ਵਿਅਕਤੀ ਹੈ । ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਮੁੱਖ ਮੰਤਰੀ ਸਰਦਾਰ ਭਗਵੰਤ ਸਿੰਘ ਮਾਨ ਨਾਲ ਖਿੱਚੀ ਆਪਣੀ ਫੋਟੋ ਆਪਣੇ ਮੋਬਾਇਲ 'ਤੇ ਸਟੇਟਸ ਲੱਗਾ ਕੇ ਕੀ ਦੱਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹੈ । ਇਕ ਸਾਲ ਤੋਂ ਵੱਧ ਹੋ ਗਿਆ ਸਾਡੇ ਕੋਲੋ ਖਰੀਦੇ ਸਮਾਨ ਦਾ ਸਹੀ ਸਮੇਂ 'ਤੇ ਭੁਗਤਾਨ ਕਰਨਾ ਤਾਂ ਦੂਰ ਦੀ ਗੱਲ ਹੈ, ਭੁਗਤਾਨ ਲਈ ਦਿੱਤੇ ਚੈੱਕ ਦਾ ਬੈਂਕ ਵਿੱਚੋਂ Bounce ਹੋ ਜਾਣਾ ਇਹੀ ਦਰਸਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਵਿਅਕਤੀ ਇਕ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਠੱਗ ਹੈ ਜੋ ਸਿਆਣੇ ਬਿਆਣੇ ਦੁਕਾਨਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਬੇਵਕੂਫ ਬਣਾ ਕੇ ਓਹਨਾਂ ਕੋਲੋ ਸਮਾਨ ਲੇ ਲੈਂਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਪੈਸੇ ਦਾ ਭੁਗਤਾਨ ਨਹੀਂ ਕਰਦਾ ਤੇ ਦੁਕਾਨਦਾਰ ਨੂੰ ਲਾਰੇ ਚ ਰੱਖਦਾ ਹੈ। ਲਗਾਤਾਰ ਬਹਾਨੇ ਲਗਾ ਰਹੇ ਇਸ ਵਿਅਕਤੀ ਦਾ ਦੋਗਲਾ-ਪਣ ਸਾਬਿਤ ਕਰਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਆਪਣੇ ਦੁਕਾਨਦਾਰ ਭਰਾਵਾਂ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕਰਨਾ ਚਾਹ ਰਿਹਾ ਕਿ ਇਹ ਵਿਅਕਤੀ ਨਵਦੀਪ ਨਵੀ ਨੂੰ ਬਾਜ਼ਾਰ ਵਿੱਚੋਂ ਕੋਈ ਉਧਾਰੀ ਸਮਾਨ ਨਾ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ ਨਹੀਂ ਤਾਂ ਮੇਰੇ ਵਾਂਗੂੰ ਉਹ ਵੀ ਠੱਗੀ ਦਾ ਸ਼ਿਕਾਰ ਹੋਣਗੇ।
ਧੰਨਵਾਦ।

## चैक भी हुए बाउंस

वहीं नरेश मित्तल का आरोप है कि नवदीप सिंह नवी की और से उन्हें 50 हजार रुपए का चैक दे दिया गया। जिसे उन्होंने बैंक में लगाया तो वह बाउंस हो गया। जिसके बाद उसने कई बार नवी को कॉल की, लेकिन वह टाल मटोल करता रहा। आखिर में उसने पेमेंट देने से साफ इंकार कर दिया।

## व्यापारी ने सोशल मीडिया पर डाली पोस्ट

वहीं इस संबंधी परेशान हुए व्यापारी नरेश मित्तल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट सांझी की। जिसमें उसने नवदीप नवी पर ठगी के आरोप लगाए हैं। इसी के साथ व्यापारी ने नवदीप की आप पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और सीएम भगवंत मान के साथ भी फोटो शेयर की है।

## पार्टी की छवि खराब कर रहे छुटभैया नेता

लोगों में चर्चा है कि एक तरफ नवदीप नवी द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा जा रहा है कि अगर किसी ने कोई काम कराना है तो उनसे संपर्क करें। वहीं दूसरी तरफ ऐसे व्यापारियों के साथ धोखा कर रहा है। हालांकि इससे मान सरकार की छवि को खराब किया जा रहा है। पीड़ित एक अच्छा टैक्सपेयर और नागरिक है। वह कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा की साफ छवि से काफी प्रभावित है। एक तरफ तो वह खुश है कि मंत्री अरोड़ा जैसे व्यापारी राजनीति में आकर कड़े प्रयास कर रहे हैं। जिससे लोगों में पार्टी अच्छा आधार बना लेगी। दूसरी तरफ ऐसे छोटे नेताओं के कारण दुकानदारों को बिजनेस करना मुश्किल हो गया है।

## विपक्ष को मिलेगा मुद्दा

अक्सर देखा जाता है कि चुनाव नजदीक आने पर विपक्षी पार्टियों इसका फायदा लेती हैं। जैसे निगम चुनाव के दौरान पार्षद सनी मास्टर को भी बहलाकर विपक्ष अपने साथ ले गया था। लेकिन जब उसकी जाग खुली तो वह वापिस आप में आ गया। वहीं अब विधानसभा चुनाव नजदीक आ गए हैं। ऐसे में अगर इन नेताओं पर नुकेल न डाली गई, तो आने वाले समय में इससे पार्टी को नुकसान होगा। दुकानदार ने मंत्री अरोड़ा से अपील की कि दुकानदार और व्यापारियों के हक की राखी की जाए और ऐसे शरारती लोगों पर नुकेल डाली जाए, ताकि सरकार की उपलब्धियों पर विपक्ष हावी न हो सके। जिससे सरकार अपनी गलौरी को अगले साल भी रिपीट कर सके।

# नहीं थम रहा है बमदाशों का खौफ, आए दिन दे रहे नई वारदात को अंजाम



सुनील पांडे

लुधियाना/यूटर्न/2 जनवरी। शहर में लगातार लुटपाट के मामले सामने आ रहे हैं। बीती रात एक मामला मोती नगर थाना के अंतर्गत नजर आया। जिसमे कुछ लुटेरे तेजधार हथियार के साथ एक सिलाई मशीन वाली फैक्ट्री पर हमला कर दिया। इस हमले में फैक्ट्री के मालिक के हाथ में गंभीर चोट लगी है। साथ ही फैक्ट्री मालिक के भांजा और बड़े भाई घायल है। इस घटना की शिकायत मालिक द्वारा मोटी नगर थाने में की गई। मालिक वरिंदर ने बताया कि उनका भांजा ऋषि सामान लेने के लिए फैक्ट्री के बाहर किरयाना स्टोर पर गया। जहाँ पर कुछ लोग मिलकर एक बच्चे को पिट रहे थे। ऋषि द्वारा उन आरोपियों को रोकने पर वह उस लड़के को छोड़कर ऋषि को पीटने लग गए। जब ऋषि वहाँ से किसी तरह बच कर निकला तो वह हथियारबंद व्यक्ति फैक्ट्री पर हमला करने पहुँच गए। वरिंदर कुमार का कहना है की हमलावरों द्वारा सिर्फ भांजे और भाई पर हमला ही नहीं यहाँ तक की फैक्ट्री में काम करने वाले सभी वर्कर के बाइक और ऑटो भी तोड़ दिए गए हैं। जाते जाते उन्होंने फैक्ट्री के शटर पर तेजधार हथियार से भी हमला किया। हालाकि फैक्ट्री मालिक और उनके बड़े भाई व भांजे का सिविल हॉस्पिटल में देर रात मेडिकल करवाकर पुलिस को सूचित कर दिया गया है। मोती नगर पुलिस द्वारा बयान दर्ज करके आरोपियों की पहचान की जा रही है।

# एटीआईयू ने 2025 के दौरान सरकार द्वारा किए उद्योगिक कार्य और अनसुलझे मुद्दों की जानकारी दी

लुधियाना/यूटर्न/2 जनवरी। एटीआईयू के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने 2025 में पंजाब सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का सारांश प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने बताया कि 2025 में, पंजाब सरकार ने औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और उद्योग की लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को दूर करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण पहल कीं है। जिसमें क्षेत्रीय समितियों का गठन, व्यापार का अधिकार अधिनियम, 2025 में संशोधन, सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 में संशोधन, पीएसआईईसी के लिए ओटीएस, औद्योगिक एवं व्यापार विकास नीति (आईबीडीपी) 2023 में संशोधन, निवेश आकर्षित करने के लिए केंद्रित प्रयास, 0.25



प्रतिशत ऋण शुल्क का उन्मूलन शामिल है। इस दौरान पंकज शर्मा ने कहा कि कई अनसुलझे मुद्दे है। जिन पर और ध्यान देने की आवश्यकता है। जिसमें विभागों के कामकाज में अधिक दक्षता और पारदर्शिता ताकि अनुमोदन और मंजूरी में तेजी लाई जा सके। हलवारा हवाई अड्डे का शीघ्र संचालन करना, जीएसटी में सुधार, पीपीसीबी के कामकाज को सरल बनाने के लिए बड़े सुधारों की आवश्यकता है, क्योंकि इससे उद्यमियों को काफी परेशानी होती है।

इसके अलावा नए औद्योगिक क्षेत्रों का विकास, क्योंकि भूमि की लागत कई गुना बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों की तुलना में औद्योगिक भूमि की उच्च लागत के कारण राज्य के विकास पर काफी असर पड़ा है। सरकार को भूमि बैंक आरक्षित करने और एमएसएमई की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उद्योग के लिए उनका विकास करने की सख्त जरूरत है, क्योंकि एमएसएमई पंजाब की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

# नशीली गोलियों के साथ दो गिरफ्तार, थाना सिटी जगरांव में केस दर्ज

चरनजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/2 जनवरी। थाना सिटी की पुलिस ने कोठे खंजूरां के श्मशानघाट के पास 40 नशीली गोलियों और बाइक के साथ



दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान शहनाज सिंह और प्रितपाल सिंह के रूप में बताई, जो दोनों गांव काउंके कलां के रहने वाले हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ जगरांव के थाना सिटी में केस दर्ज किया गया है। एएसआई करमजीत सिंह के अनुसार, जब वे अपने साथी पुलिस कर्मचारियों के साथ संदिग्ध लोगों और गाड़ियों की चेकिंग कर रहे थे, तो एक खास मुखबिर ने सूचना दी कि नशीली गोलियां बेचने का धंधा करने वाले दो आरोपी, शहनाज सिंह और प्रितपाल सिंह दोनों गांव काउंके कलां के रहने वाले, जो अभी भी जगरांव के कोठे खंजूरा श्मशान घाट के पास बाइक पर नशीली गोलियां बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं। अगर अभी रेड की जाए तो शहनाज सिंह और प्रितपाल सिंह को नशीली गोलियों के साथ पकड़ा जा सकता है।

# विधायक बग्गा ने हल्का उतरी के शाही मोहल्ला के पार्कों के सौंदर्यीकरण व पुनः नवीनीकरण कार्यों का किया शुभारंभ

लुधियाना/यूटर्न/2 जनवरी। लुधियाना के हल्का उतरी में विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा द्वारा शाही मोहल्ला पार्क से लेकर उपकार नगर दशहरा ग्राउंड तक स्थित सभी पार्कों के पुनः नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्यो का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में मोहल्लावासी मौजूद रहे। विधायक बग्गा ने बताया कि क्षेत्रवासियों की यह पुरानी मांग अब पूरी की जा रही है। इन पार्कों में नई टाइल्स लगाई जाएगी, पेंटिंग कराई जाएगी, बैठने के लिए बेंचें, वॉकिंग ट्रैक, हरियाली बढ़ाने एवं अन्य सुंदरीकरण कार्य किए जाएंगे। इन विकास कार्यों पर लगभग 26 लाख रुपये व 31 लाख रुपये की लागत आएगी। उन्होंने कहा कि इन पार्कों के तैयार होने से बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं को स्वच्छ, सुरक्षित और सुंदर वातावरण मिलेगा। विधायक बग्गा ने कहा कि



हल्का लुधियाना उत्तर में विकास परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है ताकि हर वर्ग को इसका लाभ मिल सके। विधायक मदन लाल बग्गा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता का पैसा जनता की सुविधाओं पर ही खर्च किया जा रहा है और आने वाले समय में हल्का उतरी में और भी विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएंगे।

# डिस्ट्रिक्ट क्राइम सेल ने नाइजीरियाई नागरिक को नशीले पदार्थ के साथ किया गिरफ्तार

चंडीगढ़, यूटर्न, 02 दिसंबर। डिस्ट्रिक्ट क्राइम सेल ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अकाची केलेचुक्वू के रूप में हुई है, जो वर्तमान में नवादा मेट्रो स्टेशन, दिल्ली में रह रहा था, जबकि उसका स्थायी पता एमजी उलि, अनाम्ब्रा, नाइजीरिया बताया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी को 1 जनवरी 2026 को सेक्टर-43 बस स्टैंड के पीछे टी-पॉइंट से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 9.32 ग्राम मादक पदार्थ (क्रैक बॉल) बरामद किया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-36, चंडीगढ़ में एफआईआर नंबर 01 धारा 22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी नशे की सप्लाई से जुड़े किसी बड़े नेटवर्क का हिस्सा है या नहीं।




# नए साल की पहली सुबह ड्रग माफिया पर निर्णायक वार, 12 लाख की हेरोइन के साथ अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

## ट्राइसिटी में सप्लाई करने आया था आरोपी, 3 दिन के पुलिस रिमांड पर

पंचकूला, यूटर्न, 02 जनवरी। नए साल की शुरूआत पंचकूला पुलिस ने ड्रग माफिया के खिलाफ बड़े एक्शन के साथ की। क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 ने 296.92 ग्राम हेरोइन के साथ एक अंतरराज्यीय नशा तस्कर को रंगे हाथों गिरफ्तार कर ट्राइसिटी में सक्रिय नशा नेटवर्क को करारा झटका दिया है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत 12 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। आरोपी को अदालत में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि 1 जनवरी को गुप्त सूचना के आधार पर सेक्टर-15 सब्जी मंडी क्षेत्र में दबिश दी गई। सूचना थी कि आई-20 कार में सवार एक युवक भारी मात्रा में हेरोइन की सप्लाई के लिए पहुंचा है। टीम ने तत्काल नाकेबंदी कर वाहन को रोका और तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 296.92 ग्राम हेरोइन बरामद की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विजय कुमार के रूप में हुई है, जो मूल रूप से हरिद्वार (उत्तराखंड) का रहने वाला है और वर्तमान में जीरकपुर, मोहाली में किराये के मकान में रहकर ट्राइसिटी में नशा तस्करी कर रहा था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि हेरोइन की खेप कहां से लाई गई थी, इसका फाइनेंसर कौन है और किन-किन इलाकों में इसकी सप्लाई की जानी थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी लंबे समय से रडार पर था और नए साल के पहले दिन बड़ी खेप सप्लाई करने की फिराक में था। इस गिरफ्तारी को ट्राइसिटी ड्रग नेटवर्क के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।




### २०२५: नशा तस्करों पर रिकॉर्ड प्रहार

वर्ष 2025 में पंचकूला पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ आक्रामक रणनीति अपनाते हुए 124 मामले दर्ज कर 255 तस्करों को गिरफ्तार किया। इस दौरान 246 किलो चूरा पोस्त, 13 किलो से अधिक अफीम, 1.93 किलो हेरोइन, 17 किलो से अधिक चरस और 20,410 नशीली गोलियां बरामद की गईं।

### ड्रग मनी पर बुलडोजर

नशे की कमाई से खड़ी की गई 6 अवैध संपत्तियों को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया, जबकि 4 तस्करों की संपत्तियों को अटैच किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ड्रग मनी पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### पौने ६ करोड़ का जहर नष्ट

123 मामलों में बरामद करीब पौने 6 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थों को बागवाला स्थित हाईजीन फैक्ट्री में नष्ट किया गया। इसमें गांजा, चूरा पोस्त, अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन और हजारों नशीली गोलियां शामिल थीं।

### २०२६ का टारगेट: पूरा ड्रग नेटवर्क

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि वर्ष 2026 में कूरियर और ऑनलाइन माध्यम से होने वाली नशा तस्करी पर पैनी नजर रहेगी। राज्यों के बीच इंटेलिजेंस शेयरिंग, एनडीपीएस एक्ट का प्रशिक्षण और समाज की भागीदारी इस अभियान की रीढ़ होगी।

### QUOTE पुलिस कमिश्नर (एडीजीपी) शिवास कविराज

'हमारी लड़ाई केवल तस्करों से नहीं, पूरी ड्रग सप्लाई चेन से है। नशा तस्करों की अवैध कमाई पर सीधा वार जारी रहेगा। समाज के सहयोग से ही पंचकूला को नशा-मुक्त बनाया जा सकता है।'

# बस की टक्कर से ऑटो पलटा, तीन सवारियां घायल

डेराबस्सी, यूटर्न, 02 दिसंबर। रामगढ़ रोड पर शनिवार को एक तेज रफ्तार सीटीयू बस की टक्कर से एक ऑटो रिक्शा पलट गया। हादसे में ऑटो में सवार तीन लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद बस चालक मौके पर ही बस छोड़कर फरार हो गया, जबकि बस कंडक्टर मौके पर मौजूद रहा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ऑटो चालक रामगढ़ से डेराबस्सी की ओर सवारियां लेकर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार सीटीयू बस ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ऑटो सड़क पर पलट गया और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद ऑटो में फंसी सवारियों को निकालने के बजाय बस चालक मौके से फरार हो गया।

राहगीरों की मदद से ऑटो को सीधा किया गया और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। बस कंडक्टर ने भी घायलों को अस्पताल ले जाने में सहयोग किया। हादसे के चलते कुछ समय के लिए सड़क पर जाम की स्थिति बन गई, जिसे ऑटो को सड़क से हटाने के बाद सुचारू किया गया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि बस चालक की पहचान कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# ढकोली पुलिस ने 7 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

जीरकपुर, यूटर्न, 02 दिसंबर। ढकोली पुलिस थाना की टीम ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गाजीपुर जट्टा गांव क्षेत्र से एक युवक को 7 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस स्टेशन ढकोली के मुख्य अधिकारी के निर्देशानुसार, सहायक पुलिस अधिकारी मनिंदर सिंह, कांस्टेबल संदीप कुमार और कांस्टेबल कमलदीप सिंह जांच किट के साथ निजी वाहन में गाजीपुर जट्टा गांव व कृष्णा एन्क्लेव रोड, पुष्प एन्क्लेव सोसाइटी के गेट के पास मौजूद थे। शाम लगभग 7:15 बजे गाजीपुर जट्टा गांव की ओर से पैदल आते एक व्यक्ति ने पुलिस टीम को सामने देखकर अपने काले कोट की दाहिनी जेब से एक पारदर्शी मोम का लिफाफा सड़क पर फेंक दिया और भागने का प्रयास किया। पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर ही काबू कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम गुगन गर्ग पुत्र सतीश गर्ग, निवासी न्यू जेनरेशन सोसाइटी, ढकोली, जिला एसएएस नगर बताया। जांच अधिकारी द्वारा फेंके गए लिफाफे की जांच करने पर उसमें हेरोइन पाई गई। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से वजन करने पर लिफाफे में 7 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। बरामद हेरोइन को सफेद कपड़े के थैले में डालकर पैकेट तैयार किया गया, जिस पर जांच अधिकारी ने अपनी मुहर लगाई। नमूना मुहर अलग से तैयार की गई। आरोपी द्वारा 7 ग्राम हेरोइन अपने कब्जे में रखने के आरोप में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21-61-85 के तहत मामला दर्ज किया गया है।




# सरकारी भूमि पर दीवार बनानी पड़ी महंगी – नगर परिषद ने दीवार तोड़ करवाई के दिए आदेश

जीरकपुर, यूटर्न, 02 जनवरी। बिजली दफ्तर के पीछे आज नगर परिषद की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से बनाई गई दीवार को ध्वस्त किया तथा संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नोटिस भी चस्पा किया गया। नगर परिषद अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई नियमों के तहत की गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि आम जनता की संपत्ति होती है और इस पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण कानूनन अपराध है। यदि भविष्य में किसी व्यक्ति द्वारा दोबारा सरकारी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया गया तो उसके खिलाफ और भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसी कार्रवाई के तहत गुरदीप सिंह पुत्र तुलसा सिंह के विरुद्ध बिना अनुमति पेड़ काटने का मामला भी सामने आया है। नगर परिषद ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए संबंधित वन विभाग को पत्र लिखने का निर्णय लिया है, ताकि नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा सके। अधिकारियों के अनुसार बिना अनुमति पेड़ काटना पर्यावरण संरक्षण कानूनों का उल्लंघन है, जिस पर सख्त दंड का प्रावधान है। नगर परिषद ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे सरकारी संपत्ति और पर्यावरण की सुरक्षा में प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे या पेड़ कटान की जानकारी तुरंत संबंधित विभाग को दें। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई की जाएगी।



'हमारे पास जानकारी आई थी कि नगर परिषद की जमीन पर कोई अवैध रूप से दीवार बना रहा है और इस जमीन के अंदर पेड़ भी काटा गया है। मौके पर टीम ने पहुंचकर कार्यकारी अधिकारी के आदेशों पर दीवार को तोड़ा और नगर परिषद द्वारा पेड़ काटने संबंधित वन विभाग को लिखा जाएगा।

अजय बराड़
बिल्डिंग इंस्पेक्टर नगर परिषद
जीरकपुर


OFFICE OF THE
MUNICIPAL COUNCIL, ZIRAKPUR
(Distt. S.A.S. Nagar)
ਦਫਤਰ ਨਗਰ ਕੌਂਸਲ, ਜ਼ੀਰਕਪੁਰ (ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ)
ਮਿਤੀ: 2/1/26
[illegible]

Uturn Time 03 Jan 2026_Page 1-4.qxd 03-01-2026 00:04 Page 5





पेज 08 उत्तरी कश्मीर के बारामूला-उरी हाईवे पर भारी...

# मेयर ने जारी किया एमसीसी वॉल कैलेंडर-2026

## कचरा पृथक्करण को बताया स्वच्छ चंडीगढ़ की बुनियाद

चंडीगढ़, यूटर्न, 02 दिसंबर। चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने गुरुवार को नगर निगम चंडीगढ़ (एमसीसी) का वार्षिक वॉल कैलेंडर-2026 जारी किया। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार (आईएएस), स्पेशल कमिश्नर प्रदीप कुमार (आईएएस), मेडिकल ऑफिसर ऑफ हेल्थ डॉ. इंदरदीप कौर सहित निगम पार्षद और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



वर्ष 2026 के लिए जारी इस वॉल कैलेंडर को कचरे के स्रोत पर पृथक्करण (वेस्ट सेग्रीगेशन) की थीम पर विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। कैलेंडर में प्रभावशाली चित्रों और संदेशों के माध्यम से घरेलू कचरे को चार रंगों वाले डस्टबिन—सूखा कचरा, गीला कचरा, सैनिटरी कचरा और खतरनाक कचरा—में अलग-अलग डालने के महत्व को दशार्या गया है।

कैलेंडर का विमोचन करते हुए मेयर हरप्रीत कौर बबला ने 'सिटी ब्यूटीफुल' के नागरिकों से घर-घर कचरा पृथक्करण को अपनाने का सामूहिक संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने और स्वच्छता रैंकिंग में चंडीगढ़ को अग्रणी बनाए रखने के लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्रोत पर कचरा पृथक्करण ही प्रभावी ठोस कचरा प्रबंधन प्रणाली की बुनियाद है।

इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार (आईएएस) ने कहा कि वर्ष 2026 के दौरान नगर निगम चंडीगढ़ कचरे के स्रोत पर पृथक्करण पर विशेष फोकस करेगा। उन्होंने बताया कि नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने और व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए पूरे वर्ष शहरभर में व्यापक सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि एमसीसी वॉल कैलेंडर का विमोचन स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप स्वच्छता, सतत विकास और जिम्मेदार कचरा प्रबंधन के प्रति नगर निगम की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

# पीएसपीसीएल द्वारा जीरकपुर में सर्किल कार्यालय की स्थापना

## विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने किया औपचारिक उद्घाटन

जीरकपुर, यूटर्न, 02 दिसंबर। पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) के नव-स्थापित जीरकपुर सर्किल कार्यालय का आज विधायक, डेराबस्सी, श्री कुलजीत सिंह रंधावा तथा श्री आर. के. मित्तल, मुख्य अभियंता, दक्षिणी जोन, पटियाला द्वारा औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर नव-नियुक्त अधीक्षण अभियंता (एस.ई.) इंजीनियर अमनदीप सिंह गिल ने सर्किल कार्यालय का विधिवत कार्यभार ग्रहण किया।



इस मौके पर विधायक रंधावा ने बताया कि नव-गठित जीरकपुर सर्किल में डी.एस. डिवीजन जीरकपुर एवं डी.एस. डिवीजन लालडू शामिल हैं। इस सर्किल की स्थापना का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं की सुविधा बढ़ाना तथा सेवा-प्रदान प्रणाली में सुधार लाना है। उल्लेखनीय है कि जीरकपुर सर्किल के गठन को पीएसपीसीएल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने अपनी 116वीं बैठक में स्वीकृति प्रदान की थी।

विधायक रंधावा ने बताया कि इससे पूर्व इन डिवीजनों के उपभोक्ताओं को विभागीय कार्यों के लिए मोहाली जाना पड़ता था, जिससे यात्रा का समय और असुविधा बढ़ती थी। जीरकपुर सर्किल की स्थापना से सेवाओं तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार होगा, शिकायत निवारण प्रक्रिया तेज होगी तथा प्रशासनिक कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी बनेगी।

विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने जीरकपुर सर्किल के गठन में सहयोग के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, बिजली मंत्री संजीव अरोड़ा तथा बसंत गर्ग, चेयरमैन-कम-मैनेजिंग डायरेक्टर (सीएमडी), पीएसपीसीएल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इससे उपभोक्ता सेवाओं में महत्वपूर्ण सुधार होगा और सभी उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी।

इस अवसर पर इंजीनियर आर. के. मित्तल, मुख्य अभियंता, दक्षिणी जोन, पटियाला ने पीएसपीसीएल के उपभोक्ताओं एवं कर्मचारियों—दोनों के लिए नए सर्किल के लाभों पर प्रकाश डाला तथा बेहतर संचालन दक्षता और क्षेत्रीय स्तर पर सुदृढ़ निगरानी पर जोर दिया।

# चंडीगढ़ पुलिस ने कमानिदार चाकू के साथ युवक को किया गिरफ्तार

चंडीगढ़, यूटर्न, 02 दिसंबर। चंडीगढ़ पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान शुभम उर्फ ब्रेड के रूप में हुई है, जो गांव बुरैल, सेक्टर-45 चंडीगढ़ का निवासी है।

पुलिस के अनुसार आरोपी को 1 जनवरी 2026 को सेक्टर-45ए स्थित सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास फुटपाथ से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक कमानदार चाकू बरामद किया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-34, चंडीगढ़ में एफआईआर नंबर-01, धारा 25, 54 व 59 आर्म्स एक्ट तथा धारा 355 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# उत्तराखंड: भाजपा नेता की सड़क हादसे में मौत, अनियंत्रित होकर कार पेड़ से टकराई

उत्तराखंड, यूटर्न, 02 जनवरी। हरिद्वार में भीषण हादसा हुआ है। जहां एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई है। हादसे में भाजपा नेता की मौके पर मौत की सूचना मिली है। बताया गया कि भाजपा नेता अमित सैनी अपनी कार से रुड़की से धनौरी की ओर जा रहे थे। तभी उनके साथ यह दर्दनाक हादसा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार यह भीषण सड़क दुर्घटना जनपद के धनौरी कलियर मार्ग पर हुई है। जहां अनियंत्रित होकर एक कार पेड़ से टकराई है। इसके बाद कार सड़क से नीचे जा गिरी। घटना के दौरान कार में सवार भाजपा नेता अमित सैनी की मौत हुई है। घटना गुरुवार रात की बताई गई है। बताया गया कि भाजपा नेता किसी कार्य से रुड़की गए थे। रुड़की से धनौरी वापस लौट रहे थे।



# पेंशनरों के सांझे संघर्ष में शामिल होने का फैसला, भगवंत सरकार ने 25 में डीए की कोई किस्त जारी नहीं की



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/2 जनवरी। सांझा पेंशनर्स फ्रंट जगराओं की बैठक अशोक भंडारी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें 20 दिसंबर को पेंशनर्स दिवस की समीक्षा की गई। पेंशनर्स दिवस के प्रबंधन, मंच प्रबंधन और वक्ताओं आदि पर विचार करने के बाद पूरे कार्यक्रम की सफलता को व्यक्त किया गया। चर्चा में होने वाले कुछ नुकसानों को कवर करने का प्रयास किया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि समूह में सभी पेंशनभोगियों की सदस्यता होनी चाहिए। यह सदस्यता साल में केवल एक बार की जाती है। यह पूरे साल संघर्ष का खर्च उठाता है। सभी पेंशनभोगियों तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है, तो आप खुद तक पहुंच सकते हैं। यह नोट किया गया था कि कई साथियों ने समूह में अपने परिजनों के नाम शामिल किए थे। लेकिन सदस्य अभी तक उन्हें खाता नंबर नहीं भेजा। इस पर फोकस करें और एक फिक्स्ड फंड जमा करना चाहिए। मोगा जिले के शिक्षक जसकरन सिंह और उनकी पत्नी, जो चुनावी ड्यूटी पर चले गए, उनकी मौत का समर्थन करते हुए मुआवजे के लिए जारी संघर्ष के समर्थन में 18 जनवरी को मोगा में होने वाले राज्य स्तरीय धरने में शामिल होने का निर्णय लिया गया। बैठक में सचिव जसवंत क्लेयर, अवतार सिंह जोगिंदर आजाद हरभजन सिंह जगदीश मेहता, बलविंदर सिंह, रमेश कुमार भीम सेन जगमोहन सिंह आदि उपस्थित थे।

# मुल्लांपुर दाखा पुलिस की कार्रवाई: प्रतिबंधित चाइना डोर के 10 गट्टू सहित एक व्यक्ति गिरफ्तार

चरणजीत सिंह चन्न

जगराओं/यूटर्न/2 जनवरी। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने प्रतिबंधित चाइना डोर की बिक्री और उपयोग के खिलाफ अपना अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी के तहत थाना दाखा पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 10 गट्टू चाइना डोर बरामद किए है। डीएसपी (दाखा) वरिंदर सिंह खोसा ने बताया कि एसएसपी लुधियाना (ग्रामीण) अंकुर गुप्ता और एसपी (डी) राजन शर्मा के दिशा-निदेर्शो के तहत समाज विरोधी तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।



गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई

मुख्य अफसर थाना दाखा, एसआई हमराज सिंह की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि जसप्रीत सिंह पुत्र भूपिंदर सिंह, निवासी बासिया बेट, जिसकी गांव थरीके में पतंगों और पटाखों की दुकान है, छुपकर प्रतिबंधित डोर बेच रहा है। पुलिस ने तुरंत हरकत में आते हुए कार्रवाई की और उक्त आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी के पास से मौके पर 10 गट्टू चाइना डोर बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी जसप्रीत सिंह के खिलाफ मुकदमा थाना दाखा में मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस की अपील

डीएसपी वरिंदर सिंह खोसा ने आम लोगों से अपील की है कि चाइना डोर इंसानों, पक्षियों और जानवरों के लिए जानलेवा साबित होती है, इसलिए इसका उपयोग बिल्कुल न किया जाए और केवल पारंपरिक डोर से ही पतंगबाजी की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि चाइना डोर बेचने या इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि यदि कोई व्यक्ति चाइना डोर बेचता नजर आता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी जाए।

Uturn Time 03 Jan 2026_Page 1-4.qxd 03-01-2026 00:04 Page 6



# जनगणना-2027 की तैयारियों पर बैठकः हरियाणा में प्रशासनिक ढांचे में बड़े बदलाव, मानदेय तय

चंडीगढ़, यूटर्न, 02 जनवरी। बैठक में वर्ष 2011 की जनगणना के बाद हरियाणा के प्रशासनिक और जनसांख्यिकीय परिदृश्य में आए व्यापक परिवर्तनों की समीक्षा की गई। जनगणना-2027 के तहत राज्य में जिलों की संख्या 2011 के 21 से बढ़कर 23 हो जाएगी। इसी तरह उप-मंडलों (सब-डिस्ट्रिक्ट्स) की संख्या 75 से बढ़कर 94 हो चुकी है। शहरी संरचना में भी उल्लेखनीय बदलाव दर्ज किए गए हैं। वैधानिक नगरों की संख्या 80 से बढ़कर 88 हो गई है, जबकि जनगणना नगर 74 से घटकर 51 रह गए हैं। शहरी समूहों (अर्बन एग्लोमरेशन) की संख्या 12 से बढ़कर 20 हो गई है। वहीं, गांवों की संख्या 2011 के 6,841 से घटकर 6,523 रह गई है। हाउस-लिस्टिंग ब्लॉक्स की संख्या भी 45,361 से बढ़कर जनगणना-2027 के लिए लगभग 51,000 अनुमानित की गई है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जनगणना-2027 के लिए गणना कर्मियों और पर्यवेक्षकों को प्रथम चरण के लिए 9,000 रुपये तथा द्वितीय चरण के लिए 16,000 रुपये, कुल 25,000 रुपये मानदेय दिया जाएगा। यह राशि प्रत्येक चरण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद देय होगी।


Happy Birthday



Amrit Pal Singh (Bunty)


## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### हमें ताउम्र अखबार होना पड़ता है।

होंठ बंद होते हैं जब दुनिया सुनाती है,
हमें हँसी भी अपनी खामोशी पर आती है।

हमें ताउम्र अखबार होना पड़ता है।
सबकी जालिम आँखों का शिकार होना
पड़ता है।

लोग पढ़ते हैं हमें पन्ने पलट पलटकर,
न जाने किन किन बातों से हमें दो चार होना
पड़ता है।

सब कुछ सहने को तैयार होना पड़ता है।
लब खामोश रखकर जिम्मेदार होना
पड़ता है।

हमें ताउम्र अखबार होना पड़ता है
जिम्मेदार होना पड़ता है।
जिम्मेदार होना पड़ता है।

# श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर निकले नगर कीर्तन का मेयर व कमिश्नर ने किया स्वागत



चंडीगढ़, यूटर्न, 02 दिसंबर। श्री गुरु गोबिंद सिंह के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुवार को निकाले गए नगर कीर्तन का चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला और नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने विशेष रूप से स्वागत किया। इस अवसर पर नगर निगम के स्पेशल कमिश्नर प्रदीप कुमार, आईएएस सहित कई पार्षद भी मौजूद रहे। नगर कीर्तन की शुरूआत सेक्टर-34 स्थित गुरुद्वारा साहिब से हुई, जो सेक्टर-8 स्थित गुरुद्वारा साहिब की ओर रवाना हुआ। नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसमें पंज प्यारे, बच्चे, गतका जत्थे, विभिन्न धार्मिक संगठनों के सदस्य और शहर के अलग-अलग हिस्सों से आए श्रद्धालु शामिल थे, जिन्होंने पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ सहभागिता की।

मेयर हरप्रीत कौर बबला ने नगर कीर्तन के आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए संगत को प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयां दीं। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी की शिक्षाएं समाज को सेवा, त्याग और साहस का मार्ग दिखाती हैं। नगर निगम चंडीगढ़ की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे। नगर कीर्तन मार्ग पर पीने के पानी, चाय और ब्रेड पकौड़ा की व्यवस्था की गई, ताकि संगत को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही पूरे मार्ग पर विशेष स्वच्छता व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई, जिससे नगर कीर्तन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

# मां बगलामुखी हारे का सहारा : महंत प्रवीण जी



लुधियाना, यूटर्न, 02 दिसंबर। मां बगलामुखी धाम पक्खोवाल रोड़ में अग्रेजी नववर्ष के उपलक्ष्य में महंत प्रवीण जी के सानिध्य में विशेष हवन यज्ञ किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने हवन यज्ञ में आहूतिया डालकर विश्व शांति, जीवन में सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना मां बगलामुखी के चरणों में की । हजारों भक्तों की उपस्थिति से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मां बगलामुखी धाम मे अखंड यज्ञ चल रहा हो। वही भक्तों ने मां बगलामुखी धाम के विस्तार के लिए भूमि दान करने का संकल्प लिया। सर्वप्रथम कंजक पूजन कर मां बगलामुखी का आलौकिक श्रृंगार किया गया। महंत प्रवीण जी नववर्ष पर भक्तों के जीवन की मंगल कामना करते हुए कहा कि मां बगलामुखी धाम में सच्चे मन से जो भी भक्त नतमस्तक होता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती है । उन्होने कहा कि मां बगलामुखी हारे का सहारा है । यज्ञ में जिसने भी आहुतियां डाली, मां पिताम्बरा उसका पूरा सहारा बनी। मां बगलामुखी धाम में आयोजित होने वाले 243 घंटे के अखंड महायज्ञ की जानकारी देते हुए महंत प्रवीण जी ने बताया कि 11 फरवरी से 21 फरवरी,2026तक किया जाएगा। अखंड महायज्ञ की तैयारियों संबधी बैठक 4 जनवरी रविवार को मां बगलामुखी धाम प्रांगण में प्रात 11:30 से 1 बजे तक किया जाएगा । जिसमें सेवकों को सेवा का संकल्प करवाया जाएगा । इस अवसर पर सुनील महाजन, रमन घई, जतिंदर सूद , विजय गुप्ता ,पुरुषोत्तम चौधरी,सुधीर महाजन, सुनील हांडा, गौतम सचदेवा,संदीप सूद,जतिन सूद,मनीष गुप्ता, धीरज गुप्ता, राकेश पासी,सुनील पासी,राज सोलंकी, राम पाल त्रिखा,बौबी मक्कड़, दिनेश रल्ली ,गौरव मेहता,तरुण चौधरी , तरुण जैन सुराना, तजिन्द्र मिगलानी, वेद लुथरा, रमन शर्मा, राकेश खेड़ा, हरमोहन मल्होत्रा,जनक राज सिंगला, रोहित शर्मा,सोमनाथ शर्मा,प्रवेश चड्ढा, सतविन्द्र ठाकुर, राजेन्द्र वालिया,वरुण चोपड़ा, आदित्य गुप्ता, पंडित भूपेन्द्र,वरुण शर्मा,वरुण दत्त, तुषार बांसल, नरेन्द्र मोहिनी,अरुण मेहता, गुनीत खेरा सहित अन्य भी उपस्थित थे

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Traffic Police से रोके जाने पर आम नागरिक के अधिकार क्या हैं?**

सड़क पर वाहन चलाते समय Traffic Police द्वारा रोका जाना आज आम बात है। कई लोग घबरा जाते हैं, कुछ बहस करने लगते हैं, और कुछ बिना सवाल पूछे चालान या जुमार्ना भर देते हैं। लेकिन सही जानकारी हो तो ऐसी स्थिति को शांतिपूर्वक और सही तरीके से संभाला जा सकता है।

कानून के अनुसार Traffic Police वाहन को तभी रोक सकती है जब किसी नियम के उल्लंघन की आशंका हो या नियमित checking चल रही हो। नागरिक को यह अधिकार है कि वह शांति से यह पूछ सके कि उसे क्यों रोका गया है। वाहन के कागजात दिखाना जरूरी होता है, लेकिन बदसलूकी, धमकी या दबाव कानून की मंशा नहीं है। Traffic checking का उद्देश्य व्यवस्था बनाए रखना है, न कि डर का माहौल बनाना।

आजकल अधिकतर चालान डिजिटल होते हैं। यदि कोई उल्लंघन हुआ है, तो उसका कारण स्पष्ट होना चाहिए और चालान की रसीद मिलनी चाहिए। मौके पर नकद जुमार्ना देने की ज़िद करना या बिना रसीद के पैसा माँगना सही प्रक्रिया नहीं मानी जाती। नागरिक यह भी पूछ सकता है कि चालान ऑनलाइन कैसे भरा जाए या उसकी जानकारी कैसे मिलेगी।

यह भी समझना जरूरी है कि बहस, ऊँची आवाज या टकराव स्थिति को और बिगाड़ देता है। Traffic Police से बातचीत में संयम और सम्मान बनाए रखना नागरिक के हित में होता है। अगर किसी को लगता है कि उसके साथ गलत व्यवहार हुआ है, तो वह बाद में उचित मंच पर शिकायत कर सकता है। सड़क पर बहस करना समाधान नहीं होता।

निष्कर्ष : Traffic Police से रोके जाने पर डरने या लड़ने की जरूरत नहीं है। अपने अधिकारों की जानकारी, शांत व्यवहार और सही प्रक्रिया की समझ ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। कानून का उद्देश्य सड़क पर अनुशासन लाना है, न कि नागरिकों को परेशान करना — और जागरूक नागरिक इस संतुलन को बनाए रखने में सबसे बड़ी भूमिका निभाता है।

# हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स की चंडीगढ़ प्रदेश इकाई गठित

## डॉ. हरीश वशिष्ठ चेयरमैन, गिरीश सचदेवा अध्यक्ष व देवेश मौदगिल प्रदेश सचिव निर्वाचित



चंडीगढ़, यूटर्न, 02 दिसंबर। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स (हिस्कागा) की केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ इकाई का चुनाव कर पुनर्गठन एवं औपचारिक घोषणा की गई। यह चुनाव माडर्न वे मॉडल स्कूल, सेक्टर-29 में सम्पन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी डॉ. गौरव गौड़, नोडल ऑफिसर हिस्कागा की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। चुनाव के बाद डॉ. हरीश वशिष्ठ (डीन साइंसेज, नीलम यूनिवर्सिटी, कैथल) को चेयरमैन, प्रिंसिपल गिरीश सचदेवा को अध्यक्ष तथा एडवोकेट एवं चंडीगढ़ के पूर्व मेयर देवेश मौदगिल को प्रदेश सचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इसके अतिरिक्त डॉ. डी.पी. लोचन (पूर्व डायरेक्टर जनरल हेल्थ, हरियाणा) को स्टेट चीफ कमिश्नर तथा सर्वेश (एजुकेशन कंसलटेंट) को कोषाध्यक्ष चुना गया। संस्था के छह उपाध्यक्षों के रूप में सरदार जसज्योत सिंह अलमस्त (अध्यक्ष, फायर अवेयरनेस एंड सेफ्टी एसोसिएशन), डॉ. निशा गुप्ता (प्रिंसिपल), के.एस. भारती (पूर्व डिप्टी डायरेक्टर स्पोर्ट्स), रूप लाल (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सॉफ्टबॉल एसोसिएशन), राजेश कमल (प्रिंसिपल) और आदिश्वर चंदेल (समाजसेवी) को निर्वाचित किया गया। राष्ट्रीय काउंसिल के छह सदस्यों में वीना गर्ग, ईशा भारद्वाज, अमृत प्रकाश, सरताज सिंह, नेहा कश्यप और करमवीर शामिल हैं।


# नव वर्ष के आगमन पर मां बगलामुखी हवन पूजन और प्रवचन



लुधियाना/यूटर्न/2 जनवरी। नववर्ष के प्रथम दिवस पर मां बगलामुखी जी का हवन श्रद्धालुओं ने श्री गीता मंदिर विकास नगर में किया और सुख समृद्धि की मनोकामना की। हवन की अध्यक्षता स्वामी प्रकाशानंद जी दिव्य ज्योति जागृति संस्थान ने की और प्रकाण ब्रह्मणों द्वारा हवन करवाया गया। पंडित मंगलानंद ने मां बगलामुखी हवन की विशेषता का उल्लेख करते हुए बतलाया कि इस हवन से जीवन में आ रहे कष्टों से छुटकारा मिलता है। शत्रु और रोग भी दूर भागते हैं। महामंडलेश्वर ब्रह्मलीन पूज्य ऊषा माता जी के जन्म दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। स्वामी जी पूज्य माता जी के जन्मदिवस की सभी धर्म प्रेमियों को बधाई दी और उनका श्री गीता मंदिर विकास नगर में दिया योगदान का भी विस्तार से जिक्र किया।

# मनीष तिवारी ने श्री हरिमंदिर साहिब में माथा टेका, वर्ष 2026 के लिए शांति और समृद्धि की अरदास की

## चंडीगढ़ से सांसद ने विश्व शांति और विकास की कामना की, चुनौतियों के सामने पंजाब की मजबूती से उभरा है



अमृतसर, यूटर्न, 2 जनवरी। पूर्व केंद्रीय मंत्री और चंडीगढ़ से सांसद मनीष तिवारी ने आज यहां सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब में माथा टेका। बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए, तिवारी ने कहा कि आज वह सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब आकर वाहेगुरु से सभी की अच्छी सेहत और भलाई के लिए अरदास करने आए हैं, ताकि वर्ष 2026 दुनिया, देश और विशेष रूप से पंजाब के लिए खुशहाली लेकर आए। लोग शांति, प्रगति और खुशियों से भरा जीवन जिएं।

तिवारी ने कहा कि दुनिया भर में आंतरिक संघर्ष बढ़ रहे हैं और हर जगह टकराव का माहौल है। इसलिए वे अपने सहयोगियों के साथ सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब आकर सभी की भलाई के लिए अरदास करने आए हैं। उन्होंने परमात्मा से प्रार्थना की कि दुनिया में शांति हो, देश प्रगति करे और विशेष रूप से पंजाब चढ़दी कला में बना रहे।

इस अवसर पर पिछले वर्ष पंजाब को हुए नुकसान, खासकर बाढ़ के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में तिवारी ने कहा कि इस साल चढ़दी कला और भलाई की उम्मीद है। उन्होंने कामना की कि 2026, 2025 से बेहतर वर्ष साबित हो। उन्होंने कहा कि पंजाब ने न केवल हाल के समय में, बल्कि सदियों से कठिनाइयों का सामना किया है। लेकिन पंजाब, पंजाबियों और पंजाबियत की यह बड़ी जीत है कि कितनी भी मुश्किलें और चुनौतियां आई हों, पंजाबियों ने हर चुनौती का साहस के साथ सामना किया है।

जबकि 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों को लेकर पूछे गए सवाल पर तिवारी ने स्पष्ट किया कि आज हम केवल दर्शनों के लिए और अरदास करने आए हैं। यह कोई राजनीतिक दौरा नहीं है। जब हम राजनीतिक उद्देश्य से आएंगे, तब 2027 पर अवश्य बात करेंगे।

इस अवसर पर उनके साथ पूर्व विधायक सुनील दत्ती और जुगल किशोर शर्मा, जिला कांग्रेस अमृतसर के अध्यक्ष सौरभ मदान, सांसद गुरजीत औजला के ओएसडी नितिन अरोड़ा तथा जिला कांग्रेस लुधियाना (शहरी) के पूर्व अध्यक्ष पवन दीवान भी मौजूद रहे।

# शकी हालातों में युवती की डेडबॉडी मिली, गर्दन के पास टैटू, शरीर पर रगड़ के निशान

पंजाब/यूटर्न/2 जनवरी। पंजाब के जालंधर में एक युवती का शव मिला है। मृतका की उम्र करीब 20 साल बताई है, जो ब्लैक और पीले रंग का अपर टॉप और लोअर पहने हुए थी। युवती की एक बाजू पर 'भोला' और दूसरी बाजू पर 'सीतारानी' और 'विक्रम' नाम के टैटू बने हुए हैं। उसकी गर्दन के पास 'गिल' शब्द लिखा हुआ है। शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पाया कि युवती के शरीर पर रगड़ के निशान हैं, जिससे आशंका जताई गई है कि युवती के शव को यहां घसीटकर लाया गया है। इसके अलावा युवती के हाथ के पास एक सीरिंज भी पड़ी मिली है और उसके जूते भी सलीके से रखे हुए हैं, जो नशा या किसी बड़ी साजिश की ओर इशारा कर रहे हैं। फिलहाल, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। युवती के फोटो आसपास के थानों और सोशल मीडिया ग्रुपों में भी शेयर किए हैं, ताकि युवती की पहचान कराई जा सके। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और लापता व्यक्तियों के रिकॉर्ड भी खंगाल रही है।



# पटियाला के जवान का जम्मू में निधन, पैतृक गांव में अंतिम संस्कार हुआ, 7 महीने की बेटी है



पंजाब/यूटर्न/2 जनवरी। पटियाला में जवान जैपाल सिंह का जम्मू में निधन हो गया। वह पिछले चारझ्पांच दिनों से बीमार चल रहे थे और संक्रमण के कारण आज (शुक्रवार) सुबह उनका देहांत हो गया। इसके बाद उसका पार्थिव शरीर पैतृक गांव बल्लमगढ़ लगाया। गांव में उनको अंतिम विदाई देने के लिए भारी भीड़ उमड़ी।

गांव बल्लमगढ़ में पूरे सैन्य सम्मान के उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बीडीपीओ समाना गुरमीत सिंह, एसडीएम समाना रिचा गोयल सहित प्रशासनिक अधिकारी, ग्रामीण और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी ने नम आंखों से वीर जवान को अंतिम विदाई दी और उनके बलिदान को नमन किया।

**7 महीने पहले हुआ था बेटी का जन्म...**जैपाल सिंह अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और सात महीने की एक बेटी छोड़ गए हैं। उनके माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। परिवार में उनका एक छोटा भाई भी है। जवान के निधन की सूचना मिलते ही गांव और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे भारतीय सेना की 20 पंजाब रेजिमेंट में तैनात थे।

# पंजाब में महिला की गोली मारकर हत्या, 2 बाइकों पर आए बदमाशों ने 4 राउंड फायरिंग की

## पंजाब में महिला की गोली मारकर हत्या, 2 बाइकों पर आए बदमाशों ने 4 राउंड फायरिंग की





पंजाब/यूटर्न/2 जनवरी। पंजाब के कपूरथला में शुक्रवार को गोली मारकर महिला की हत्या कर दी गई। दो बाइकों पर आए बदमाशों ने करीब 4 राउंड फायरिंग की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेर लिया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। मृतका की पहचान हेमप्रीत कौर (48 ) निवासी सीनपुरा (कपूरथला) के रूप में हुई है। उसका तलाक हुआ था। बताया जा रहा है कि वह एक महीने पहले ही विदेश से लौटी थी। उसका पति और बेटा विदेश में ही रहते हैं। घटना शाम 4 बजे सामने आई।

### व्यक्ति ने आरोपी को रोकने की कोशिश की

डीएसपी शीतल सिंह ने बताया कि महिला घर में अकेली थी। बाइक पर 2 आरोपी आए थे। एक आरोपी घर में घुसा और महिला पर फायरिंग कर दी। इस दौरान मोहल्ले के एक व्यक्ति ने घर का गेट कर आरोपी को रोकने की कोशिश की। लेकिन आरोपी हवाई फायर कर साथी के साथ बाइक पर फरार हो गया।

### मामले की जांच कर रही पुलिस

डीएसपी शीतल सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित कर दी गई हैं। फायरिंग के कारणों का पता लगा रहे हैं। पुलिस सभी संभावित पहलुओं से मामले की पड़ताल कर रही है।



Rukmani

Uturn Time 03 Jan 2026_Page 1-4.qxd 03-01-2026 00:04 Page 8



# उत्तरी कश्मीर के बारामूला-उरी हाईवे पर भारी भूस्खलन, घंटों तक यातायात ठप

अमनजीत सिंह

कश्मीर, यूटर्न, 02 जनवरी। उत्तरी कश्मीर में बारामूला-उरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर दानकान मोड़ ईकोपार्क के पास हुए भारी भूस्खलन के कारण कई घंटों तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। इस वजह से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा और सैकड़ों वाहन सड़क के दोनों ओर फंसे रहे।

लंबे समय तक चली इस रुकावट ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। यात्री, छात्र, दफ्तर जाने वाले कर्मचारी और व्यापारी घंटों तक इंतजार करने को मजबूर हो गए। इस दौरान कई मरीज और आपातकालीन वाहन भी रास्ते में फंसे रहे, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई तथा इस महत्वपूर्ण हाईवे पर आपातकालीन तैयारियों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए।



हालांकि बाद में हाईवे को साफ कर यातायात बहाल कर दिया गया, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि खानपोरा से उरी तक राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण और निर्माण कार्य शुरू होने के बाद से ऐसी घटनाएं आम हो गई हैं। लोगों ने बार-बार होने वाले भूस्खलन और ट्रैफिक जाम के लिए ठेकेदारों की लापरवाही और घटिया कार्यप्रणाली को जिम्मेदार ठहराया, जिससे आम जनता को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों का कहना है कि किसी भी वैकल्पिक सड़क के अभाव में ऐसी रुकावटों का असर और अधिक बढ़ जाता है, और यात्रियों के पास लंबी देरी सहने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता।

स्थानीय निवासियों ने उच्च अधिकारियों से अपील की है कि निर्बाध यातायात सुनिश्चित करने के लिए खदीनीयार से गंटामुल्ला तक एक वैकल्पिक सड़क के विकास पर गंभीरता से विचार किया जाए। उन्होंने संबंधित विभागों से मांग की है कि इस मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए और भविष्य में सुरक्षित यात्रा तथा जनता की पीड़ा को कम करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# अज्ञात वाहन चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, नाक की हड्डी टूटी और एक आंख आई बाहर, हुई मौत

लुधियाना/यूटर्न/2 जनवरी। लुधियाना में जालंधर बाइपास के नजदीक एक बाइक सवार व्यक्ति को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। बाइक सवार का सिर डिवाइडर से टकराया और उसके नाक की हड्डी पर चोट लग गई। वहीं उसकी एक आंख भी बाहर आ गई है।

एक्सीडेंट के बाद तुरंत लोगों ने पुलिस को सूचित किया। घटना स्थल थाना दरेसी की पुलिस जांच करने पहुंची। खून से लथपथ बाइक सवार व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना स्थल पर थाना दरेसी के एएसआई सुखविंदर सिंह पहुंचे जिन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। मरने वाले की जेब से पुलिस को कोई पहचान पत्र आदि नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




## मोटरसाइकिल के नंबर से पहचान करने में जुटी पुलिस

जानकारी देते हुए एएसआई सुखविंदर सिंह ने कहा कि एक्सीडेंट का जब पता चला तो पहले थाना सलेम टाबरी की पुलिस यहां आई थी लेकिन उनका इलाका नहीं था। इस कारण थाना दरेसी की पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। मृतक का मोटरसाइकिल किसी सब डिवीजन का लग रहा है। उसके बाइक को ट्रेस किया जाएगा। आस-पास के लोगों से भी पता किया लेकिन किसी को भी टक्कर मारने वाले वाहन चालक के बारे में पता नहीं है।

## चेहरे में आई चोट, आंख आई बाहर

मृतक युवक के चेहरे और नाक पर काफी चोट आई है। एक आंख भी बाहर आ गई है। उसकी बाजू भी खून से भरी है। मृतक की पहचान करने के लिए पुलिस संभव प्रयास कर रही है। घटना स्थल पर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे जिस कारण आरोपियों के बारे में अभी पता नहीं चल सका।

# पटियाला में होगा राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह; राज्यपाल और मुख्यमंत्री अलग-अलग जिलों में लहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज




चंडीगढ़, यूटर्न, 2 जनवरी। पंजाब सरकार ने 26 जनवरी, 2026 के गणतंत्र दिवस समारोहों का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस बार राज्य स्तरीय समारोह पटियाला में आयोजित होगा, जहां राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और मार्च पास्ट से सलामी लेंगे। पंजाब के मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान होशियारपुर में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। वहीं, पंजाब विधानसभा के स्पीकर स. कुलतार सिंह संधवां संगरूर और डिप्टी स्पीकर जय कृष्ण रोड़ी बरनाला में ध्वजारोहण करेंगे।

# पंजाब सरकार ने तीन आई.ए.एस. अधिकारियों को सचिव रैंक के रूप में पदोन्नत किया




चंडीगढ़, यूटर्न, 2 जनवरी। पंजाब सरकार ने 2010 बैच के आई.ए.एस. अधिकारियों घनश्याम थोरी, कुमार अमित एवं विमल कुमार सेतिया को 01.01.2026 से भारतीय प्रशासनिक सेवा के वेतन मैट्रिक्स में सुपरटाइम स्केल/लेवल 14 में पदोन्नति दी है। पंजाब सरकार के सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उक्त अधिकारियों को पंजाब सरकार के सचिव के रूप में नियुक्त किया जाएगा, जो अगले आदेशों तक नए स्केल में अपनी मौजूदा पोस्टिंग पर कार्य करते रहेंगे।

**2026: पंजाब की राजनीति का टर्निंग प्वाइंट**

# चुनावी रण से पहले सियासत में आएगा भूचाल, बदलेंगी चालें और चेहरे

दिनेश मौदगिल

लुधियाना, यूटर्न, 02 जनवरी। पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव अभी एक साल दूर हैं, लेकिन साल 2026 ही वह निर्णायक मंच होगा, जहां अगली सत्ता की पटकथा लिखी जाएगी। यह साल केवल तैयारी का नहीं, बल्कि राजनीतिक उठापटक, बड़े फैसलों और चेहरे बदलने का साल साबित होने जा रहा है। आने वाले महीनों में पंजाब की सियासत में ऐसा हलचल भरा माहौल बनेगा, जहां हर दल अपनी बिसात सहेजेगा और हर नेता अपनी चाल चलेगा।




## बदलती सियासी तस्वीर

आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, अकाली दल (बादल), बीजेपी और नई उभरती अकाली ताकतें—सभी 2026 में अपनी-अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देंगी। दल-बदल, नई जॉइनिंग और नेतृत्व परिवर्तन इस साल की सबसे बड़ी पहचान होंगे। यह वह दौर होगा, जब कई बड़े नेता अपनी राजनीतिक दिशा बदलते नजर आएंगे।

## आप: सत्ता बचाने की अग्निपरीक्षा

सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के लिए 2026 सबसे चुनौतीपूर्ण होगा। 2022 की आंधी के बाद अब जनता का मूड, सरकार का प्रदर्शन और वादों की हकीकत—सब कुछ कठोर कसौटी पर होगा। आप किस नए एजेंडे और किन नए चेहरों के साथ मैदान में उतरेगी, यही तय करेगा कि वह सत्ता में वापसी कर पाएगी या नहीं।

## कुंवर विजय प्रताप और सिद्धू पर रहेगी सबकी नजर

पूर्व आईपीएस और अमृतसर से विधायक डॉ. कुंवर विजय प्रताप सिंह आज पंजाब की राजनीति के सबसे चर्चित चेहरों में हैं। उनकी अगली राजनीतिक चाल—किस पार्टी के साथ और किस भूमिका में—2026 की राजनीति का बड़ा टर्निंग पॉइंट बन सकती है।

उधर, नवजोत सिंह सिद्धू की राजनीति में वापसी को लेकर भी अटकलें तेज हैं। क्या वह फिर कांग्रेस के साथ पिच पर उतरेंगे या किसी नई सियासी टीम का हिस्सा बनेंगे—यह सवाल जनता और दलों, दोनों को बेचैन किए हुए है।

## कांग्रेस: एकजुटता या अस्तित्व का सवाल

कभी राज्य की सबसे ताकतवर रही कांग्रेस आज गुटबाजी के बोझ से जूझ रही है। 2026 में नेतृत्व परिवर्तन और संगठनात्मक सर्जरी की चर्चा तेज है। अगर हाईकमान कांग्रेस को एकजुट कर देता है, तो 2027 का चुनाव त्रिकोणीय नहीं, सीधी टक्कर में बदल सकता है।

## बीजेपी: शतरंज की चाल, लंबा खेल

बीजेपी इस बार पंजाब में केवल मौजूदगी नहीं, प्रभावशाली भूमिका चाहती है। बड़े नेताओं की संभावित एंट्री, संगठन में बदलाव और किसानों की नाराजगी दूर करने की कोशिशें—2026 में बीजेपी की रणनीति का हिस्सा होंगी। पार्टी इस साल अपनी 'गोटियां' सावधानी से जमाएगी।

## अकाली दल: सुखबीर का मिशन पुनरुत्थान

लगभग एक दशक से सत्ता से बाहर अकाली दल के लिए 2026 पुनरुत्थान का साल होगा। सुखबीर सिंह बादल रूठों को मनाने, नए चेहरों को जोड़ने और संगठन को फिर से खड़ा करने में पूरी ताकत झोंकेंगे।

## सड़कों से सदन तक सियासी गर्मी

धरने, प्रदर्शन, रैलियां, सियासी सम्मेलन और आरोप-प्रत्यारोप—2026 में पंजाब की राजनीति सड़कों पर भी दिखेगी और सदन के बाहर भी। और हां, यह साल दल-बदलुओं का सीजन भी होगा—कुछ नेता तो एक से ज्यादा बार अपनी राजनीतिक जर्सी बदलते नजर आ सकते हैं।

**निष्कर्ष** : 2026 सिर्फ एक साल नहीं, बल्कि 2027 की सत्ता का सेमीफाइनल है। जो दल और नेता इस साल सही चाल चलेंगे, वही अगले साल पंजाब की कुर्सी के दावेदार बनेंगे। पंजाब की राजनीति में अब खेल तेज हो चुका है—और दर्शकों की नजरें हर मूव पर टिकी हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार। Contact - +91 9814295372